

समस्या — जलसंकट के बीच टैंकर और बोरिंग के सहारे चल रही व्यवस्था, सफाई और सड़क निर्माण पर भी फोकस

## वैकल्पिक व्यवस्था से की जा रही पानी की पूर्ति






**नवभारत , जबलपुर ।** दीवान आधार सिंह वार्ड के जयप्रकाश नगर क्षेत्र में इन दिनों जलापूर्ति व्यवस्था चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। क्षेत्र की मुख्य पानी की टंकी आनंद नगर स्थित टंकी पर निर्भर है, लेकिन क्षमता के अनुरूप पानी नहीं मिल पाने से कई इलाकों में जलसंकट की स्थिति बनी हुई है। एक ही टंकी से तीन से चार वार्डों में पानी की आपूर्ति होने के कारण समस्या और गंभीर हो गई है।

गर्मी के मौसम में पानी की मांग बढ़ने से स्थिति और अधिक प्रभावित हुई है। कई परिवारों को निर्धारित समय पर पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा, जिससे घरेलू कार्यों के साथ पेयजल की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलापूर्ति व्यवस्था को लंबे समय के लिए मजबूत बनाने की आवश्यकता है ताकि हर बार वैकल्पिक साधनों पर निर्भर न रहना पड़े।

### नर्मदा लाइन प्रभावित होने पर बोरिंग बन रही सहारा

जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक उपायों पर काम किया जा रहा है। वार्ड स्तर पर बोरिंग की व्यवस्था की गई है ताकि यदि किसी कारण नर्मदा लाइन से पानी की आपूर्ति होती है तो , बोरिंग के माध्यम से लोगों तक पानी पहुंचाया जा सके। वहीं जिन क्षेत्रों में ऐसी व्यवस्था नहीं है, वहां टैंकरों के जरिए पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सिर्फ़ 75 प्रतिशत ही सड़क निर्माण

पार्षद द्वारा बताया गया कि लगभग 75 प्रतिशत सड़कें बन चुकी हैं, जबकि करीब 25 प्रतिशत कार्य अभी शेष है। कुछ इलाकों में अभी भी अधूरी सड़कें लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं।

#### बरसात से पहले नालों की सफाई पर जोर

हाल फिलहाल नालियों की स्थिति काफी विकट दिखाई पड़ी जब नवभारत टीम पहुंची जांच पड़ताल के लिए । इसमें यह वार्ड के पार्षद ने बताया कि आगामी मानसून को देखते हुए वार्ड में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी शुरू कर दी गई है। नालों की सफाई के लिए अलग से टीम गठित की जाएगी, जिसमें लगभग 20 कर्मचारी शामिल रहेंगे। यह टीम क्षेत्रवार अभियान चलाकर 10 से 15 दिनों के भीतर प्रमुख नालों और जल निकासी मार्गों की सफाई करेगी।

#### इनका कहना है

आनंद नगर टंकी पर दबाव अधिक है, लेकिन लोगों को परेशानी न हो इसके लिए बोरिंग और टैंकर जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं। साथ ही सफाई और सड़क निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जा रहा है ।

**शरद श्रीवास्तव**
**पार्षद, दीवान आधार सिंह वार्ड**

## बिना उपचारित सीवेज नालों में छोड़ने पर एनजीटी सख्त

**नगर निगम को तत्काल व प्रभावी कदम उठाने के निर्देश मांगी विस्तृत रिपोर्ट**

**जबलपुर।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव व विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की युगलपीठ ने ने जबलपुर में प्रतिदिन लगभग 97.5 मिलियन लीटर प्रतिदिन बिना उपचारित सीवेज के वर्षा जल नालों में प्रवाहित होने पर गंभीर चिंता जताई है। इसके साथ ही नगर निगम जबलपुर को तत्काल प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम व मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को छह सप्ताह के भीतर विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 13 जुलाई को निर्धारित की है।

दरअसल, नालों के पक्कीकरण पर भारी खर्च के बावजूद कार्य अधूरा रहने और सीवेज प्रबंधन की गंभीर स्थिति पर संज्ञान लेकर हो रही सुनवाई के दौरान एनजीटी ने पाया कि जबलपुर में प्रतिदिन लगभग 174 एमएलडी सीवेज



उत्पन्न हो रहा है। जबकि वर्तमान में केवल 76.5 एमएलडी सीवेज का ही उपचार किया जा रहा है। शेष 97.5 एमएलडी बिना उपचारित सीवेज छोटे नालों के माध्यम से शहर के छह प्रमुख वर्षा जल नालों में पहुंच रहा है। एनजीटी ने स्पष्ट किया कि बिना उपचारित सीवेज को वर्षा जल नालों में छोड़ा जाना पर्यावरणीय मानकों और सुप्रीम कोर्ट के दिशा.निर्देशों के विपरीत है तथा इसे रोकने के लिए शीघ्र और ठोस कार्रवाई आवश्यक है।

### तलाकशुदा बेटी को परिवार की परिभाषा से बाहर नहीं रखा जा सकता : हाईकोर्ट

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि तलाकशुदा बेटी को परिवार की परिभाषा से बाहर नहीं रखा जा सकता। यदि अविवाहित, विधवा और विवाहित बेटियों को परिवार का सदस्य माना जाता है तो केवल वैवाहिक स्थिति बदल जाने के आधार पर तलाकशुदा बेटी को इस अधिकार से वंचित करना संविधान के समानता के सिद्धांत के विरुद्ध होगा। न्यायालय ने कहा कि ऐसा करना अनुच्छेद-14 के तहत प्रदत्त समानता के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने संबंधित विभाग को निर्धारित समय-सीमा में याचिकाकर्ता को फैमिली पेंशन का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी ज्योति श्रीवास्तव की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता के पिता शंकर लाल श्रीवास्तव होमगार्ड विभाग में जिला कमांडेंट थे। वर्ष 2001 में सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने अपनी तलाकशुदा बेटी को फैमिली पेंशन के लिए नामिनी बनाया था, क्योंकि वह उन पर आश्रित थी। पिता के निधन के बाद जब पेंशन लाभ का मामला सामने आया तो विभाग ने यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया कि तलाकशुदा बेटी परिवार की श्रेणी में नहीं आती।

## कब्र खोदकर निकाली गई लाश

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत सतपुड़ा रेल्वे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर हुई युवक की मौत के बाद पहचान न होने पर चौहानी मुक्तिधाम में दफनाई गई लाश को शनिवार को कब्र खोदकर निकलवाया गया। इसके बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया इसके बाद हिन्दु रीति रिवाज से मृतका अंतिम संस्कार किया गया ।

वितिद हो कि साहिल पासी 22 वर्ष निवासी सदर का रांझी स्थित एक दुकान में काम करता था। 22 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने रांझी थाने में 23 मई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी । इसके बाद पुलिस ने सीडीआर निकलवाई तो लोकेशन सतपुड़ा ट्रेस हुई। पुलिस ने घमापुर थाने में पतासाजी की तो यह बात सामने आई कि एक युवक ट्रेन से कटा था पीएम के बाद शव को चौहानी मुक्तिधाम में दफना दिया गया । गुरूवार को परिजन साहिल की खोज खबर थाने पहुंचे जहां रेल्वे ट्रैक पर कटे मृतक की वीडियो, फोटो परिजनों को दिखाई गई थी तो उन्होंने उसकी पहचान कर ली थी। शुक्रवार को परिजन घमापुर थाने पहुंचे थे जहां उन्होंने शव की मांग करते हुए प्रदर्शन किया था । शनिवार को कब्र खोदी गई इसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिसके बाद चौहानी मुक्तिधाम में हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार हुआ । घमापुर थाना प्रभारी दिनेश गौतम ने बताया कि मामले में लोको पायलट के बयान दर्ज किए गए जिस ने बताया कि युवक ट्रेन के सामने आकर लेट गया था जिससे उसकी मौत हुई है । मामला आत्महत्या का है। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### अधारताल में बका के साथ चला चाकू, दो घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत बजरंगबाड़ा कटरा में जहां चाकूबाजी हुई तो संजय नगर में चाकूबाजी हो गई। हमलों में दो लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र साहू निवासी बजरंगबाड़ा कटरा अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एग्रीकल्चर गेट के सामने शिव शंकर प्रताप सिंह शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो चाकू से हमलाकर कर चोट पहुंचा दी ।

## मकान की खुदाई में मिला 12 किलो का विशाल जिंदा बम

**नवभारत, जबलपुर।** डुमना एयरपोर्ट के नजदीक गदेरी में एक निर्माणाधीन मकान में खुदाई के दौरान 12 किलोग्राम वजनी का जिंदा विशाल सैन्य बम मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बम मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला।

खमरिया थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि डुमना एयरपोर्ट के पास स्थित ग्राम गदेरी में सुनील यादव के एक प्लॉट पर मकान निर्माण का कार्य चल रहा था। नींव के लिए जब मजदूर जमीन की खुदाई कर रहे थे, तभी अचानक मिट्टी के नीचे एक भारी और संदिग्ध धातु की वस्तु दिखाई दी। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह एक विशाल सैन्य बम है। मौके पर पहुंची बम स्क्वॉड की टीम ने जांच के बाद पुष्टि की कि यह एक यूएक्सओ जिंदा बम है। इस घातक बम की मारक क्षमता करीब 50 मीटर के दायरे तक है। यदि खुदाई के दौरान इस पर कोई भारी चोट लगती या यह अनजाने में ब्लास्ट हो जाता, तो भारी जान-माल का नुकसान हो सकता था। बम काफी पुराना है और लंबे समय से जमीन के नीचे दबा हुआ था। फिलहाल पुलिस और बम स्क्वॉड ने पूरे निर्माण स्थल को सील कर दिया है। बम को सुरक्षित तरीके से डिस्पोज करने की तैयारी की जा रही है ताकि किसी भी तरह के खतरे को टाला जा सके। इसके लिए सेना से पत्राचार किया गया है ।



## प्रत्येक मरीज की बनाई जाए आभा आईडी : अतिरिक्त मुख्य सचिव

**बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराए जाने दिए निर्देश**

**जबलपुर।** प्रत्येक मरीज की आभा आईडीबनाने और यहाँ आने वाले मरीज़ो एवम उनके परिजनों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाए यह निर्देश गत दिवस अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल एवं आयुक्त लोक स्वास्थ्य सेवाएं मध्यप्रदेश धनराजू एस ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों को दिए ।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मातहत अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीज़ो को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया ।इस दौरान निरीक्षण दल ने अस्पताल में बन रहे निर्माणाधीन नए भवन का अवलोकन करते हुए निर्माण कंपनियों से गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित कराने और समय सीमा में कार्य पूरा कराए जाने अधिकारियों को निर्देश दिए।



निरीक्षण दल ने जिला अस्पताल की ओपीडी पंजीयन व्यवस्था का निरीक्षण किया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि उपचार के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज की आभा आईडी अनिवार्य रूप से बनाई जाए, जिससे नागरिकों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत उपलब्ध डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

निरीक्षण के दौरान दल ने ओपीडी कक्षों, मरीज प्रतीक्षालयों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन करते हुए अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था, मरीजों के बैठने की सुविधा, उपचार सेवाओं के साथ ही आवश्यक सुधार किए जाने निर्देश दिए।

अतिरिक्त मुख्यसचिव ने माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला, पैथोलॉजी विभाग एवं जिला औषधि भंडार का भी निरीक्षण किया ।उन्होंने दवाओं के भंडारण एवं उपलब्धता संबंधी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए सुव्यवस्थित प्रबंधन के निर्देश दिए। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग और बेहतर रख-रखाव की सराहना की ।

निरीक्षण के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, मरीजों को बेहतर एवं सुलभ उपचार उपलब्ध कराने और अस्पताल की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस मौकेपर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. भरत कुमार खटीक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी, डॉ. अमिता जैन, डॉ. अमितोज भल्ला, डॉ. एकांश राय, डॉ. संजय जैन, श्री निहार दीवान सहित जिला अस्पताल के चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल परिसर में अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य आयुक्त एवं कलेक्टर ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर विकास और स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया गया।

### मोबाइल हैक कर पौने छह लाख की ठगी

**जबलपुर।** माढोताल थाना अंतर्गत ग्रीन सिटी कॉलोनी निवासी युवक का साइबर ठग ने मोबाइल हैक कर उसे ऑनलाइन डराया और पौने छह लाख रुपये की ठगी कर दी।

पुलिस के अनुसार, ग्रीन सिटी कॉलोनी माढोताल निवासी 32 वर्षीय द्रोप सिंह तुरकर ने शनिवार को लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात शातिर अपराधी ने तकनीकी माध्यमों से उसका मोबाइल फोन हैक कर लिया था। इसके बाद आरोपी ने उसे ऑनलाइन ही गंभीर परिणाम भुगतने और चोट पहुंचाने की धमकियां देना शुरू कर दिया। इस डर और झांसे में आकर उसने अपनी गाढ़ी कमाई के 5,72,987 रुपये गंवा बैठा। शातिर ठग ने पूरी रकम अपने खातों में ट्रांसफर करवाकर हड़प ली। पुलिस ने पीड़ित द्रोप सिंह तुरकर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस आरोपी के मोबाइल नंबर, आईपी एड्रेस और बैंक ट्रांजैक्शन की बारीकी से जांच कर रही है।

## युवक पर फायरिंग, पेट में लगी गोली

**खमदेही में वारदात, छानबीन में जुटी पुलिस**

**नवभारत, जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत खमदेही में शनिवार सुबह पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने युवक की हत्या करने की नीयत से तीन राउंड फायर किए, जिसमें से एक गोली युवक के पेट में जा लगी। घायल को गंभीर हालत में शासकीय अस्पताल पाटन में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका इलाज जारी है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम खमदेही निवासी देवेन्द्र रैकवार (31) का करीब 6 महीने पहले गांव के ही छोटेलाल चौधरी से किसी बात पर विवाद हुआ था। छोटेलाल गांव के रामनारायण पटेल के यहाँ काम करता था। इस विवाद के बाद रामनारायण पटेल ने देवेन्द्र के साथ झगड़ा किया था और तभी से वह देवेन्द्र से रंजिश रखते हुए देख लेने



की धमकी दे रहा था। शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे देवेन्द्र रैकवार गांव के सामुदायिक भवन में तराई करने गया था। उसे अकेला देखकर आरोपी रामनारायण पटेल वहाँ पहुँचा कहा, तेरे बहुत भाव बढ़ गए हैं इसके बाद उसने अपने पास रखी पिस्टल निकाली और देवेन्द्र की हत्या करने की नीयत से सीधे फायर कर दिया। गोली देवेन्द्र के पेट में दाहिनी तरफ लगी। गोली लगने के बाद देवेन्द्र जान बचाने के लिए वहाँ से भागा। भागते समय रामनारायण ने उस पर दो और हवाई फायर किए, लेकिन वे उसे नहीं लगे। घायल देवेन्द्र भागकर गाँव के ही खेरमाई मंदिर के पास पहुँचा। वहाँ से उसने अपने साथी धीरज यादव और सुरेन्द्र लोधी को फोन कर आपबीती बताई। सूचना मिलते ही धीरज यादव मोटरसाइकिल लेकर मौके पर पहुँचा और घायल देवेन्द्र को बैठाकर खमदेही चौराहा रोड़ तक लाया, जहाँ से उसे अस्पताल पहुँचाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## खाता खोलने के नाम पर लाखों का फर्जीवाड़ा

**एक्सिस बैंक की महिला कर्मचारी पर मामला दर्ज**

**नवभारत, जबलपुर।** मदनमहल थाना अंतर्गत एक्सिस बैंक की नेपियर टाउन मुख्य शाखा में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने खाता खुलवाने के बहाने एक महिला के दस्तावेज हड़प लिए। इसके बाद पीड़िता की जानकारी के बिना क्रेडिट कार्ड और डीमैट खाता जारी कराकर लाखों रुपये का अनधिकृत लेन-देन कर डाला। मामले का खुलासा तब हुआ जब बैंक का रिकवरी एजेंट पीड़िता के घर कर्ज वसूलने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी महिला कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, साकर नगर कॉलोनी तिलहरी निवासी पूनम तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई कि कुछ महीने पहले एक्सिस बैंक की कर्मचारी सुश्री मोनाली सिंह पुत्री अजय कुमार सिंह उनके घर आई थी। मोनाली ने पूनम को बैंक में खाता खुलवाने के लिए प्रेरित किया। झांसे में आकर पूनम ने उसे अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड और तस्वीरें सौंप दीं। दस्तावेज लेने के बाद आरोपी कर्मचारी ने पीड़िता को खाते से संबंधित कोई पासबुक या दस्तावेज नहीं दिए। एक्सिस बैंक की रिकवरी एजेंट जानवी चतुर्वेदी अचानक पूनम तिवारी के घर पहुंची। उसने पूनम से उनके नाम पर जारी क्रेडिट कार्ड्स के भारी-भरकम बकाया भुगतान की मांग की। यह सुनते ही पूनम के होश उड़ गए, क्योंकि उन्होंने कभी किसी क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन ही नहीं किया था।

### पता, मोबाइल, ईमेल बदला, अनाधिकृत डीमैट खाता भी

जब पीड़िता ने बैंक शाखा जाकर मामले की छानबीन की, तो साजिश का खुलासा हुआ। बैंक रिकॉर्ड में पूनम तिवारी के पते के साथ आरोपी मोनाली सिंह ने चालाकी से अपना खुद का पता मकान नंबर 13, साकर नगर कॉलोनी भी दर्ज करा रखा था। खाते और क्रेडिट कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी पीड़िता के नहीं थे। आरोपी ने अपने नंबर लिंक कर रखे थे ताकि ट्रांजेक्शन के ओटीपी उसे मिलते रहें और पीड़िता को भनक न लगे। पीड़िता की बिना सहमति के खाते से एक डीमैट अकाउंट भी लिंक पाया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने पूनम के नाम पर जारी क्रेडिट कार्डों से जमकर खरीदारी और ट्रांजेक्शन किए। बैंक रिकॉर्ड के अनुसार इन कार्डों पर क्रमश: 2,49,679.52, 29, 768.98 और 4,651 का बकाया खड़ा हो चुका है। पुलिस की प्राथमिक जांच में पाया गया कि आरोपी मोनाली सिंह ने इस पूरे फर्जीवाड़े के जरिए पीड़िता को सीधे तौर पर 84,100 की वित्तीय हानि पहुंचाई है। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी बैंक कर्मचारी कु. मोनाली सिंह निवासी साकार नगर कॉलोनी, थाना गोराबाजार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### सरेराह युवक के हाथ से मोबाइल झपटा

**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत मच्छो कम्पाउण्ड एमपीईबी ऑफिस के सामने सड़क पर खड़े होकर फोन पर बात कर रहे एक युवक को दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने निशाना बना उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया और पलक झपकते ही फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, मच्छो कम्पाउण्ड एमपीईबी ऑफिस के सामने निवासी 21 वर्षीय मोहित नायडू बीती रात करीब 9:50 बजे अपने घर के बाहर सड़क पर किसी से मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान तैय्यब अली चौक की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो नकाबपोश बदमाश आए। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे आरोपी ने सिर पर टोपी लगा रखी थी। जैसे ही बाइक मोहित के करीब पहुंची, पीछे बैठे टोपी वाले बदमाश ने तेजी से झपट्टा मारा और मोहित के हाथ से मोबाइल फोन कीमत लगभग 15 हजार रुपये छीन लिया। वारदात के बाद चालक ने बाइक की रफ्तार बढ़ाई और दोनों आरोपी इनकम टैक्स चौक होते हुए नागरथ चौक की तरफ रफूचक्कर हो गए।

तैनाती — खबर प्रकाशन के बाद जागी यातायात पुलिस

## चौराहों पर तैनात हुए वर्दीधारी




**नवभारत, जबलपुर ।** शहर के प्रमुख चौराहों पर बिगड़ती यातायात व्यवस्था और ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति को लेकर नवभारत द्वारा गुरुवार 14 मई को प्रकाशित खबर के बाद प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हुई है । खबर के लगभग एक सप्ताह बाद शनिवार 23 मई को संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा संपर्क कर यह जानकारी ली गई कि वर्तमान में चौराहों की स्थिति कैसी है और किन स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। हालांकि नवभारत की पड़ताल में तीन पत्ती चौक, ब्लूम चौक, रामपुर चौक, राजीव गांधी चौक और रद्दी चौकी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त नजर आई थी। कई स्थानों पर वाहन चालक रेड सिग्नल तोड़ते, गलत दिशा से वाहन निकालते और नियमों की अनदेखी करते दिखाई दिए थे। वहीं अधिकांश चौराहों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे, जिसके चलते जाम की स्थिति लगातार बन रही थी।

### ब्लूम चौक और रामपुर चौक में अब भी हालात खराब

रामपुर चौक में ट्रैफिक सिग्नल नहीं होने के कारण यहां सबसे ज्यादा अव्यवस्था देखने को मिलती है। बाजार क्षेत्र होने के कारण दिनभर वाहनों और राहगीरों की भीड़ बनी रहती है। वही ब्लूम चौक में ट्रैफिक सिगनल होने के बाद भी उसका पालन नहीं किया जाता है । लोग अव्यवस्थित तरीके से निकलते नज़र आते है । नवभारत द्वारा उठाया गया यह मुद्दा आम जनता की परेशानी से जुड़ा हुआ है और प्रशासन को केवल अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी समाधान की दिशा में काम करना चाहिए।

#### केवल कुछ चौराहों पर दिखा बदलाव

खबर प्रकाशित होने के बाद अब कुछ चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी दिखाई दे रही है। रद्दी चौकी , तीन पत्ती चौक और राजीव गांधी चौक पर पीक टाइम के दौरान पुलिसकर्मी यातायात नियंत्रित करते नजर आए। हालांकि वाहन दबाव अधिक होने के कारण जाम की स्थिति अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हो पाई है ।

#### इनका कहना है

मैं उन दिनों अवकाश में था , लेकिन हमारे द्वारा खबर प्रकाशित होने के बाद शहर के प्रमुख चौराहों की मॉनिटरिंग बढ़ाई गई है और बलों की तैनाती करवाई गई है । आने वाले दिनों में व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

**बैजनाथ प्रजापति**
**उप पुलिस अधीक्षक**